Email ID: eecd123fatehpur@gmail.com

उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम,

फतेहपुर–212601

पत्रांक : 2191 / M-7 /146 दिनांक : 28-09-2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः– दैनिक समाचार पत्र दैनिक भाष्कर के ई–संस्करण दिनांक 28.09.2026 में प्रकाशित शीर्षक **"जलजीवन मिशन की टंकी, जनरेटर होने पर भी पानी नहीं: विजयीपुर के 3 गांवों में 48 घंटे से ठप सप्लाई, स्थानीय ग्रामीण परेशान "** के सम्बन्ध में आख्या।

महोदय,

उपरोक्त विषयक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र **दैनिक भाष्कर** के ई–संस्करण दिनांक 28.09.2026 में प्रकाशित शीर्षक **"जलजीवन मिशन की टंकी, जनरेटर होने पर भी पानी नहीं: विजयीपुर के 3 गांवों में 48 घंटे से ठप सप्लाई, स्थानीय ग्रामीण परेशान"** के माध्यम से प्राप्त शीर्षक के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि विकास खण्ड– विजयीपुर अन्तर्गत सिल्मी गढवा पेयजल योजना योजना पर जल जीवन मिशन (फेज–3) कार्यक्रम के अन्तर्गत मे0 पावरमेक–भूरथनम (जे0वी0) द्वारा कार्य कराया जा रहा है। वर्तमान में योजना पर जलापूर्ति प्रारम्भ है। योजना पर तकनीकी खराबी के कारण 01 दिन के लिए पानी की सप्लाई बाधित थी। तकनीकी खराबी दूर कराकर सुचारू जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी गई थी। उक्त की पुष्टि कर ली गई है।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(अनुराग गौतम)
अधिशासी अभियन्ता

विकास खण्ड– विजयीपुर अन्तर्गत सिल्मी गढवा पेयजल योजना



जलजीवन मिशन की टंकी, जनरेटर होने पर भी पानी नहीं: विजयीपुर के 3 गांवों में 48 घंटे से ठप सप्लाई, स्थानीय ग्रामीण परेशान

अमित चौधरी |
टेनी(खागा), फतेहपुर
1 दिन पहले

जल जीवन मिशन की टंकी।

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →
+Follow us
फीडबैक दें